रोटरी क्लब ने संक्रमित मरीजों को राशन किट वितरित किये

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर और चिकित्सा विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में एड्स पीड़ित मरीजो में जागरूकता उत्पन्न करने और उनके उच्च पोषण स्तर को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक कार्यक्रम गोष्ठी आयोजित कर सभी संक्रमित मरीजों को राशन किट, कम्बल और बैग इत्यादि वितरित किए गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष डॉ. पवन ओझा ने बताया कि कार्यक्रम अध्यक्ष के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रमाशंकर भारती थे। उन्होने बताया कि इस साल वर्ल्ड एड्स डे की थीम लेट कम्यूनिटीज लीड है। एड्स की रोकथाम में समाज की अहम भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए इस थीम को चुना गया है। रोटरी जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से एच आई वी पीड़ित मरीजो के लिये विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है ।

रोटरी अध्यक्ष डॉ.पवन ओझा ने बताया एड्स या एचआईवी के बारे में समाज में मौजूद गलत अवधारणा के कारण, इसकी रोकथाम करना काफी मुश्किल होता है। समाज में नीची नजरों से देखे जाने की वजह से, लोग खुलकर इस बीमारी के बारे में बात नहीं करते और इससे बचाव नहीं हो पाता है और तब तक वह मरीज बीमारी से ज्यादा प्रभावित हो जाते है और उनकी जान तक पर बन आती है। इस स्थिति को बदलने के लिए समुदायों को नेतृत्व करने दें की थीम को चुना गया है।

सहायक प्रांतपाल तरुण सिद्धावत ने बताया कि विश्व एड्स दिवस पर रोटरी क्लब जालोर द्वारा बीमारी के बारे में जागरूकता को बढावा देने वाले एवं बीमारी की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

राशन किट कंबल बैग इत्यादि प्राप्त करने के बाद मरीज काफी खुश नजर आये।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष डॉ.पवन ओझा,सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष विनीता ओझा, पूर्व अध्यक्ष सपना बजाज, जिशान अली, दिनेश सुंदेशा, गोविंद कुमार ,नाको संस्था के कम्युनिटी कॉर्डिनेटर पीराराम, डिंपल, वात्सल्य संस्था के प्रभारी खींवसिंह सहित कई जने उपस्थित रहे।

जालोर रोटरी क्लब ने संक्रमित मरीजों को राशन कीट व ऊनी कम्बल वितरित किये। फोटो-राष्ट्रदूत

सार-समाचार

गौ माता की सेवा ही हमारा धर्म : दवे

बालोतरा, (निसं)। कृष्णा सेवा संस्थान की धार्मिक शाखा कृष्णा सुन्दरकांड समिति द्वारा विभिन्न गौ शालाओं में 101 कट्टे गौ आहार भेंट किया गया है। कृष्णा सेवा संस्थान के नगर प्रभारी विमल मालवीय ने बताया कि संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष धर्मेन्द्र दवे,मार्गदर्शक पारस भंडारी,सरंक्षक अशोक व्यास व कृष्णा सुंदरकाण्ड समिति के अध्यक्ष ईश्वरदास के नेतृत्व में विभिन्न गौशालाओं में 101 कट्टे भेंट किए गए है। अध्यक्ष धर्मेन्द्र दवे ने विस्तृत जानकारी देकर बताया कि कृष्णा सुंदरकाण्ड समिति के अध्यक्ष ईश्वरदास,उपाध्यक्ष प्रेमदास,कोषाध्यक्ष बालूदास,सचिव भंवरदास,सह सचिव गणपत अवस्थी,सांवल माली,श्रवण माली,कुशल ओझा सहित सदस्यों द्वारा निरंतर शुभकार्यों पर निशुल्क सुंदरकाण्ड का पाठ किया जा रहा है जिसमें प्राप्त सहयोग राशि गौ सेवार्थ समर्पित किया जाता है,उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा करना हमारा धर्म है इसलिए संस्थान के सभी सदस्य निरंतर इसमें सहयोग करते है। ईश्वरदास ने कहा कि इसके साथ ही हम बेसहारा गौ वंश को भी निरंतर चारे पानी की व्यवस्था करते है गर्मी का मौसम होता है सुंदरकाण्ड समिति द्वारा प्रत्येक गौ शाला का विचरण करके गौ वंश के लिए उचित चारे की व्यवस्था की जाती है इसके साथ गौ सेवार्थ रखी गई खेलियों में भी समिति द्वारा सहयोग राशि प्रदान की जाती है,कृष्णा सेवा संस्थान ने सेवा के प्रत्येक प्रकल्प में सराहनीय कार्य किया है। पारस भंडारी ने बताया कि मानव हितार्थ और प्राणी सेवार्थ के उद्देश्य को साकार करना ही हमारा मूल मंत्र है। इस अवसर पर कृष्णा अणुव्रत सेवा समिति के अध्यक्ष दांती गौतम चौपड़ा, उपाध्यक्ष घनश्याम राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष आनंद दवे,कमलेश सोनी, जवेरीलाल मेहता,पारस भाटी,कमलेश वैष्णव,राजू माली,मालचंद शर्मा,राजेश सांखला,पारस माली,हीरालाल प्रजापत सहित सदस्य मौजूद रहे।

जसोल में निपुण मेला आयोजित

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा के निकट जसोल-एस.एन.वोहरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसोल में आज निपुण मेले का आयोजन किया। निपुण मेले में 105 विद्यार्थियों ने मॉडल बनाये। जिसमें कुल 200 विद्यार्थियों ने इस निपुण मेले में भाग लिया। जसोल क्षेत्र की श्रीमती सुआदेवी भंसाली बालिका विद्यालय, रा. उ मा विद्यालय अमरपुरा ,महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय भील बस्ती जसोल, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रजापतों की ढाणी जसोल व एस एन वोहरा विद्यालयों ने भाग लिया।इस आयोजन को व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पर्यावरण गणित, हिंदी ,अंग्रेजी, रचनात्मक कौशल के अलावा जलेबी रेस, कहानी प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं में जूनियर व सीनियर वर्ग के विजेता विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्य जगदीश गोस्वामी ने संबोधन करते हुए कहा की किताबी शिक्षक से परे अगर विद्यार्थियों को करके सीखने का मौका मिले तो कम समय में विद्यार्थी आसानी से ज्यादा ज्ञान अर्जित कर सकता है। इसी क्रम में सोमवीर ने संबोधित करते हुए कहा की ऐसे आयोजन होने से छोटे बच्चों में उत्साह रहता है विशेष कर जलेबी रस, चम्मच रेस आदि ऐसे आयोजन है। जिससें बच्चों में उत्साह हमेशा बना रहता है। इस आयोजन में जसोल क्षेत्र से 13 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दी वभाग लिया। कार्यक्रम में नेनाराम सुथार , ओमप्रकाश आर्य, ठाकराराम प्रजापत, श्रवण द्विवेदी, धनवंती दवे, मीना गुर्जर,मुन्नी मीणा, संतोष अग्रवाल, मोनिका, नीतू शक्तावत आदि अनेक शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अंत में निपुण मेला प्रभारी हनवंत सिंह राजपुरोहित ने सभी का ध्यनवाद व आभार व्यक्त किया।

कृषि बेरों पर विद्युत आपूर्ति बाधित

सायला, (निसं)। सायला के निकटवर्ती निम्बलाना के किसानों द्वारा शुक्रवार को गांव के कृषि कुओं पर विगत सात दिनों से बंद विधुत आपूर्ति बहाल करने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी सायला को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि विधुत विभाग के लापरवाही के कारण विगत एक सप्ताह से गांव के .षि कुओं पर विधुत आपूर्ति बंद है। जिससे फसलें सुखने व खराब होने की कगार पर है। साथ ही इसबगोल व जीरा की बुआई भी प्रभावित हो रही है। वही विधुत विभाग द्वारा रबी की सीजन से पूर्व विधुत लाईनों के रखरखाव हेतु बबुल की झाड़ियों की कटिंग कर ढीले तारों को दुरस्त करना होता है ताकि रबी की सीजन में किसानों को गुणवतापूर्ण विधुत आपूर्ति की जा सके। लेकिन विधुत विभाग की लापरवाही के कारण निम्बलाना गांव में विधुत लाईनों के नीचे बबुल की झाड़ियां उगी हुई है तथा बिजली के तार भी जगह-जगह टुटे हुए है। जिसको लेकर किसानों द्वारा सहायक अभियन्ता जोधपुर डिस्कॉम उम्मेदाबाद को दुरभाष पर सम्पर्क करने पर कॉल रिसीव नही किया जा रहा है। वही बिजली सीजत होने पर डिस्कॉम को प्रतिवर्ष करोड़ों का घाटा होता है तथा किसानों को वॉल्टेज की समस्या का सामना करना पड रहा है। कई बार किसानों द्वारा अपने स्तर पर विधुत लाईन के नीचे खड़ी बबुल की झाड़ियों की कटिंग करवाई जाती है। ज्ञापन में किसान हित में विधुत आपूर्ति बहाल करवाकर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की गई है। इस दौरान लक्ष्मणसिंह, कृष्ण कुमार, सवाराम, भोमाराम, धुकाराम, गोपाराम समेत किसान मौजूद थे।

मेले में विद्यार्थियों ने उत्साह से लिया भाग

सायला, (निसं)। सायला के निकटवर्ती बिशनगढ़ स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निपुण मेला बलवंत राव के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य सरदारसिंह चारण की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नरसिंह दास वैष्णव ने बताया कि निपुण मेले में बिशनगढ़ की तीन विद्यालयों के 47 विद्यार्थियों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेले में निर्धारित गतिविधियों के अनुसार विभिन्न कार्यक्रम, खेल, चार्ट, सामग्री चार्ट, मिट्टी के खिलौने एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में गतिविधिनुसार प्रभारी शीला वैष्णव, नसीम भाटी, हेमलता भट्ट, शालिनी, शेर करण ने सहभागिता निभाई। एडीपीसी ईश्वरसिंह सांगाना ने मेले का अवलोकन कर निरीक्षण किया। साथ ही मेले में छोटे बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की सराहना की। प्रधानाचार्य सरदार सिंह चारण ने विजेताओं को पुरस्कार दिया।

संक्रमण के प्रति चिकित्सा विभाग मुस्तैद

बाप, (निसं)। चीन में बच्चों में बढ़ते सांस की बीमारी को लेकर सरकार व चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है। व्यवस्था जांचने के लिए बाप सीएचसी में मॉक ड्रील भी किया गया। बीसीएमओ डॉ. पीएस भाटी ने बताया कि मोक ड्रिल करके सूचना उच्चाधिकारियों को भिजवा दी गई है। साथ ही सीएचसी स्तर पर सभी के अवकाश निरस्त किए हुए है। बाप हॉस्पिटल में बच्चों के विशेषज्ञ को संपूर्ण आवश्यक उपकरण व दवाईया उपलब्ध करवा दी गई है। सारी तैयारियों का जायजा लेने पश्चात कार्मिकों को हर समय चौकन्ना रहने के निर्देश दिये जा चुके है। यंहा ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर व आईसीयू बेड्स तैयार है। बाप सीएचसी में लगा ऑक्सीजन प्लांट लीकेज प्रॉब्लम की वजह से क्रियाशील नहीं है। उसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भिजवा दी गई है। बाप ब्लॉक के समस्त हॉस्पिटल के इंचार्जेज को अपने स्तर पर सभी आईएलआई से ग्रसित बच्चों की गहनता से जांच व समय पर रेफर करने को कहा गया है।

मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त

जालोर, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम चुनाव-2023 की मतगणना के लिए विधानसभावार मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आहोर विधानसभा-141 के लिए कुलश्री नाथ, जालोर विधानसभा-142 के लिए डॉ. राजू नारायण स्वामी, भीनमाल विधानसभा-143 के लिए श्रीमती मिताली बंद्योपाध्याय, सांचौर विधानसभा-144 के लिए ई.श्रीधर तथा रानीवाड़ा विधानसभा-144 के लिए मनिता मलिक को मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

कीटनाशक के असर से कृषक की मौत

जोधपुर,(कासं)। खेत में कीटनाशक का छिडक़ाव करते एक कृषक की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बाद में उसकी मौत हो गई। बिलाड़ा पुलिस ने बताया कि सिलारी निवासी महेन्द्र प्रताप पुत्र मांगीलाल जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि की सुबह के समय उसके पिता मांगीलाल खेत में गेहूं की फसल पर कीटनाशक का छिडक़ाव कर रहे थे। तब कीटनाशक की गंध चढ़ गई और तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में मौत हो गई।

एड्स बीमारी के कारण व बचाव बताए

बाप, (निसं)। बाप के राउमावि में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना आयोजित शिविर के दूसरे दिन कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। दूसरे दिन जीव विज्ञान व्याख्याता राजकुमारी खत्री ने शिविरार्थियों को एड्स बीमारी के कारण व बचाव की सामान्य जानकारी दी।

सार-समाचार

दाधीच के व्यक्तित्व पर कार्यक्रम आज

जोधपुर, (कासं)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में डॉ. रामप्रसाद दाधीच प्रसाद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक दिवसीय साहित्यिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह दो दिसम्बर को होटल प्रेसिडेंट में होगा। संगोष्ठी संयोजक डॉ. पद्मजा शर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र सुबह दस से साढे ग्यारह बजे तक जेएनवीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) के एल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होगा। इस सत्र के सारस्वत अतिथि उपन्याकार, शाइर हबीब कैफी, मुख्य अतिथि डॉ. हरीदास व्यास, विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) कैलाश कौशल होंगे। डॉ. पद्मजा शर्मा स्वागत करेंगी। इस उद्घाटन सत्र में डॉ रामप्रसाद की दो किताबों का विमोचन होगा जो उनके जाने के बाद छपी हैं। डॉ राम प्रसाद की कविता का पाठ उनके पुत्र डॉ प्रमोद कुमार दाधीच करेंगे। डॉ. रामप्रसाद दाधीच की कविता का पांच मिनट का एक वीडियो होगा जिसमें उनकी कविता का पाठ उनके पुत्र डॉ प्रमोद कुमार दाधीच ने किया है। कार्यक्रम का संचालन मधुर परिहार करेंगी। प्रथम सत्र दोपहर 12 से 1.30 बजे तक होगा जिसमें सत्राध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा हैं। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) सरोज कौशल, विशिष्ट अतिथि डॉ ओमप्रकाश टाक, रंगकर्मी डॉ. एसपी रंगा, एमएस जई, डॉ नीतू परिहार है। कविता पाठ अनुराधा आडवाणी करेंगी। सम्मान समारोह एवं समापन सत्र दोपहर 2.30 से शाम चार बजे तक होगा जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात शाइर, चिंतक शीन काफ़ निज़ाम करेंगे।

विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम हुए

जोधपुर, (कासं)। शहर में आज विश्व एड्स दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन संस्था संगठनों द्वारा किया गया। मेडिकल कॉलेज से जुड़े संस्था संगठनों ने भी आज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को एड्स की भयावता के बारे में समझाया और बताया कि विशेष परिस्थिति में यह रोग लगता है। मेडिकल कॉलेज के अधीन मेडिसीन विभागाध्यक्ष डॉक्टर नवीन ने बताया कि एड्स छूने, साथ बैठने और खाने से नहीं फैलता है, बल्कि गलत आदतों की वजह से इसका प्रसार होता है। आज एड्स पीड़ित को संबल प्रदान करने के लिए उसे सामाजिक दायरे में लाना होगा। उन्होंने बताया कि एड्स लाइलाज बीमारी नहीं है, उसकी रोकथाम संभव है। लोगों को इसके लिए जागरूक रहने की जरूरत है। पीड़ितों की मदद की जाएं, एड्स पीड़ित को निरंतर डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। एड्स प्रभावित को अपना आचरण सुधारना चाहिए। इसके अलावा भी शहर में कई स्थानों पर आज विश्व एड्स दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संगोष्ठियां एवं विचारविमर्श के कार्यक्रम हुए। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेड रिबन अर्थात एड्स के बारे में, रोकथाम के उपाय एवम बच्चो को बचाव ही उपचार है पर उर्वी और तनु के द्वारा चर्चा की गई। इसी क्रम में श्रीमती गगनजोत सीसीए कोऑर्डिनेटर ने एड्स से संबंधित समाज में स्टिगमा पर प्रकाश डाला । अंत में प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने बच्चो से अहवाह्न किया कि घर जाकर आज अपने अभिभावकों को इस के बारे में बताए तथा समाज में चेतना का प्रकाश फैलाए ।

शोभायात्रा के साथ यात्रा धुधांड़ा पहुंची

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर से रवाना हुई छ री पालित संघ पैदल यात्रा का आज तीसरा पड़ाव निकट के धुंधाड़ा गांव में हुआ। सुबह गाजे बाजे के साथ यह संघ यहां पहुंचा। जैन समाज के लोगों द्वारा इसका भव्य स्वागत किया गया। पालित संघ के संयोजक दिनेश मुणोत ने बताया कि,लूणी क्षेत्र के धुधांड़ा कस्बे में श्री जैन संघ के सानिध्य में छ: री पालित संघ में पैदल चल रहे हैं साधु संतों तथा आराधकों का नगर प्रवेश करने पर भव्य स्वागत किया गया। जोधपुर से रवाना नवकार धाम नारनाडी, फिंच होते हुए धुधांड़ा पहुंचा हैं जो आगामी 6 दिसंबर को जैन तीर्थ नाकोड़ा पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि संघ की तरफ से कबूतर गृहों का निर्माण कराया जाएगा। संघ के अध्यक्ष महावीरचंद पालरेचा तथा महामंत्री शांतिलाल लुकड़ ने बताया कि जोधपुर से आचार्य रेवतसुरी, मुनि सुमतिचंद सागर,मुनि शांतिलाल सागर के साथ छ: साध्वियों तथा करीब छ: सौ पैदल श्रद्धालुओं का संघ नाकोड़ा पैदल यात्रा के लिए प्रस्थान कर रहा हैं जिनका आज सुबह कस्बे में प्रवेश के दौरान वडेरा गेट से मुख्य बाजार सहित कई जगहों पर श्री जैन संघ के सदस्यों और ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने बताया कि,साधकों एवं संतो के प्रवचन,भक्ति कार्यक्रम और रात्रि विश्राम के लिए कस्बे के बाहर संघ ने यहां पर वाराणसी नगरी बनाई है। जहां दिन में व्याख्यान तथा रात्रि में भक्ति संगीत के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी ली

जोधपुर, (कासं)। कुलपति, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर की कुलपति प्रोफेसर डॉ. हरप्रीत कौर ने आज डॉ. नीति माथुर, सहायक प्रोफेसर एवं सहायक रजिस्ट्रार और अर्जुन सिंह, संपदा अधिकारी,एनएलयू जोधपुर के साथ शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान (आफरी) जोधपुर का दौरा किया। आफरी के निदेशक एम. आर. बालोच ने अपने अतिथियों का स्वागत किया। समूह समन्वयक (शोध), डॉ. तरूण कांत ने संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों की के बारे में संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया। कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने अपने संबोधन में पर्यावरण, वानिकी, जलवायु परिवर्तन एवं आईपीआर आदि के बारे में बात चर्चा की। जिन पर दोनों संस्थान पर्यावरण और कानून की बेहतर समझ विकसित करने के लिए आगे मिलकर काम कर सकते हैं। डॉ. नीति माथुर ने अपने मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए आफरी जोधपुर में एक स्थानीय केंद्र बनाने की एनएलयू जोधपुर की पहल के बारे में बात की। कुलपति ने संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से विभिन्न कानूनी पहलुओं के बारे में भी चर्चा की।

जालोर दुर्ग का भ्रमण किया

जालोर, (कासं)। सेंट एन्स सेकंडरी स्कूल जालोर के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत जालोर दुर्ग का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण के द्वारा जालोर के गौरवशाली इतिहास को जाना और इस दुर्ग को संरक्षित रखने का प्रण लिया। विद्यालय संस्था प्रधान किशोर सिंह राजपुरोहित ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों का महत्व के बारे जानकारी साझा की एवं दुर्ग की दीवारों पर लिखे नामों को लेकर चिंता जाहिर की । आपने सभी विद्यार्थियों को दुर्ग को साफ सुथरा रखने एवम इसके संरक्षण की शपथ दिलाई । कार्यक्रम संयोजक भावेश खत्री ने बताया की विद्यार्थियों ने दुर्ग को संरक्षित करने के लिए आम जनता को जागरूक करने एवं दुर्ग की साफ सफाई , सुरक्षा एवम रास्ते को सुगम बनाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन देने का भी निर्णय किया गया। भ्रमण के दौरान महल, शिव मंदिर, माँ चामुंडा माता मंदिर, जैन मंदिर के भी दर्शन किए गए। इस दौरान ध्रुव सिंह, हरीश खत्री, अविनाश परमार,रेखा राजपुरोहित, मीनाक्षी चौधरी, शिवांगी मेम, भगवती सुन्देशा ने भी दुर्ग का भ्रमण किया।

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जालोर, (कासं)। विश्व एडस दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने शुक्रवार को केयर होम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सचिव ने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि यहां रहने वाले बालक विशेष बालक है। इन बालकों के साथ मित्रतापूर्वक व्यवहार किया जावे। इन बालकों की अच्छी तरह से परवरिश की जावें एवं इनके खान पान एवं दवाइयां का विशेष ध्यान रखा जावे। इस दौरान सचिव ने मौजूद बालकों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सचिव ने बालकों को कहा कि वे प्रतिदिन व्यायाम, योग करें एवं मन लगाकर पढ़ाई करें, उन्होंने बालकों से कहा कि वे किसी प्रकार के तनाव में नहीं रहे।

बी.एस.एफ. का स्थापना दिवस मनाया

बाप, (निसं)। सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर सीमाजन कल्याण समिति बाप तहसील की टीम ने 195 बटालियन बीएसएफ के जवानों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी। 195 बटालियन बीएसएफ के जवान अभी बाप राजकीय कॉलेज में अस्थाई केम्प में है। इस दौरान बीएसएफ के अधिकारियों व जवानों को स्मृति चिन्ह समिति द्वारा दिये। सीमाजन कल्याण समिति जिला फलौदी अध्यक्ष अखेराज खत्री ने कहा कि आज हमारा बीएसएफ विश्व का बहुत बड़ा सैनिक बेटा है जो नभ, जल, थल तीनों में दुश्मन से लोहा लेने में सक्षम है। सीमाजन कल्याण समिति द्वारा बीएसएफ के स्थापना दिवस पर बधाई व शुभकामना कार्यक्रम के आयोजन पर समिति का 195 बटालियन बीएसएफ सहायक समादेष्टा आसुतोष ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मूलचंद पालीवाल, भारत विकास परिषद अध्यक्ष ओम राठी, शक्ति केंद्र सयोजक दिलीप भाटी, दामोदर मेहता, भामाशाह अशोक चाण्डक, जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री आदि मौजूद रहे।

स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आज

जोधपुर, (का.सं.)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा संचालित स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम 2 दिसम्बर 2023 शनिवार को पुष्य नक्षत्र योग में जोधपुर की आयुष ओ.पी.डी. में जालोरी गेट के निकट शनिश्चर थान, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लवकुश गृह, नवजीवन संस्थान, बाल बसेरा सेवा संस्थान, मगरा पूंजला स्थित राजकीय किशोर गृह, विश्वविद्यालय आयुर्वेद चिकित्सालय, करवड, गोद-ग्राम घडाव के राजकीय विद्यालय एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड में आयोजित किया जायेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्वर्णप्राशन कार्यक्रम की लोकप्रियता एवं उपयोगिता को देखते हुए बडी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलवा रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि आमजनता में बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य में स्वर्णप्राशन के लाभ और महत्त्व के प्रति जागरुकता बढाने के लिये प्रतिमाह की भांति आज दिनांक 02 दिसम्बर 2023 शनिवार को जोधपुर शहर के सात केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता के घट जाने से बच्चों में प्राय: संक्रमणजनित रोग हो जाने से उनकी शारीरिक-मानसिक-बौद्धिक वृद्धि एवं विकास अवरुद्ध हो जाता है तथा बच्चे एंटीबायोटिक दवाओं पर निर्भर हो जाते हैं।

अनेक रोगों में एंटीबायोटिक दवाएं भी निष्प्रभावी हो जाने से स्थिति जटिल हो जाती है, ऐसी परिस्थिति में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जाना आवश्यक हो जाता है और इसके लिये आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित स्वर्णप्राशन सर्वथा उपयुक्त एवं प्रभावी उपाय है। प्रो. प्रजापति ने बताया कि प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के दिन विश्वविद्यालय के बाल रोग विभागान्तर्गत करवड स्थित चिकित्सालय सहित सात केन्द्रों पर सैकडों की संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलाने के लिये आ रहे हैं।

स्वर्ण प्राशन की अगली खुराक आगामी पुष्य नक्षत्र दिनांक 29 दिसम्बर 2023 को उक्त सात स्थानों पर बच्चों को पिलाई जायेगी।

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने आमजनता से अपील की है कि विश्वविद्यालय के नाम से कुछ अनधिकृत लोग कुछ स्थानों पर संदिग्ध गुणवत्ता एवं व्यापारिक हित के लिये स्वर्णप्राशन दवा पिला रहे हैं जिनसे सावधान रहने की आवश्यकता है।

विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

जालोर, (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट निशान्त जैन ने आदेश जारी कर विधानसभा आम चुनाव-2023 की मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 5 अधिकारियों को विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मतगणना परिसर के 100 मीटर दायरे में स्थित "पेडेस्ट्रियन जोन" के लिए जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय व पंचायत समिति भीनमाल के विकास अधिकारी मूलन्द्र सिंह राठौड़, द्वितीय सुरक्षा घेरे "आउटर कॉरिडोर" के लिए पालिका भीनमाल के अधिशासी अधिकारी प्रकाश डूडी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित मेवाड़ा तथा मतगणना परिसर "इनर जोन" के लिए उप पंजीयक ममता लहुआ को नियुक्त किया है।

हादसे में एक जने की मौत

जोधपुर, (कासं)। भादवों की ढाणी सरहद में गुरूवार की शाम को एक कार चालक ने बाइक सवार मामा भांजा को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। भांजे की उपचार के बीच मौत हो गई। भोपालगढ पुलिस ने बताया कि कुडी गांव निवासी ओमप्रकाश जाट की तरफ से रिपोर्ट में बताया गया है कि उसका पुत्र रामदयाल मामा के साथ बाइक से भादवों की ढाणी की तरफ निकल रहे थे।

मतगणना के बारे में जानकारी दी

पाली, (नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री नमित मेहता की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत होने वाली मतगणना को लेकर जिला कलेक्ट्रेट चेंबर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के संबंध में जानकारियां देते हुए बताया कि एजेंट प्रवेश लेने के बाद मतदान की समाप्ति से पूर्व बाहर नहीं आ पाएंगे, उन्होंने विभिन्न प्रकार की काउंटिंग के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें विभिन्न तथ्यों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि काउंटिंग एजेंट अपना पहचान पत्र तथा फॉर्म 18 की प्रति इत्यादि साथ रखें तथा प्रात: 6 बजे तक मतगणना स्थल पर प्रवेश सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार के गैजेट्स आदि मतगणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ राजेश गोयल तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नामित मेहता के निर्देशन में शनिवार को राज्य के विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत होने वाली मतगणना हेतु नियोजित किए गए माइक्रो आब्जर्वर तथा मतगणना स्टाफ एवं मतगणना सहायकों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित होगा।

मारवाड़ में चौंकाने वाले परिणामों में भाजपा के भारी रहने के आसार

- मारवाड क्षेत्र की तैतीस विधानसभा सीटो में से भाजपा को बीस सीट
- कांग्रेस दस से कम व अन्य तीन से चार सीट प्राप्त कर सकते है

जालोर, (कासं)। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेशभर की नजरें अब मतगणना पर टिकी है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जोधपुर के मूल निवासी है, जो मारवाड क्षेत्र में आता है। पिछली बार भी मारवाड क्षेत्र की तैतीस विधानसभा सीटो में से भाजपा को बीस सीट मिली थी। वही इस बार भी बीस से अधिक सीट मिल सकती है। गहलोत इस बार भी मारवाड क्षेत्र में अपना कोई प्रभाव नही छोड़ पाये।

मारवाड की तैतीस सीटो में से जोधपुर जिले में दस, जैसलमेर में दो सीटे, पाली में छह, बाड़मेर में सात , जालोर में पांच व सिरोही जिले में तीन सीटे है। इन तैतीस सीटो पर 2018 में भाजपा को बीस, कांग्रेस को दस, दो निर्दलीय व एक आरएलपी का प्रत्याशी विजयी हुआ था। इस बार जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के छोटूसिंह भाटी व कांग्रेस के रूपराम में सीधी टक्कर होने से इस बार यह सीट कांग्रेस से खिसक सकती है। छोटूसिंह जीत सकते है। वही पोकरण सीट से इस बार कांग्रेस के साले मोहम्मद की हारने की सभावना है तथा भाजपा के मंहत प्रतापपुरी विजयी हो सकते हैं। वही बाडमेर जिले की सात सीटो पर गत चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा था। इस बार कांग्रेस की कुछ जगह से सीट खिसक सकती है। बाड़मेर में इस बार भाजपा की बागी निर्दलीय प्रियंका चौधरी भाजपा के दीपक कडवसरा व कांग्रेस के मेवाराम जैन पर भारी पड़ सकती है। वही शिव विधानसभा क्षेत्र पर प्रदेश भर की नजर टीकी हुई है। शिव में भाजपा के स्वरूपसिंह व कांग्रेस के फतेह खान के जिलाध्यक्ष की दांव साख पर है। कांग्रेस से अमीन खां के लिए निर्दलीय फतेह खान परेशानी खड़ी कर रहे है। वही भाजपा प्रत्याशी स्वरूपसिंह खारा के लिए बागी रविन्द्रसिंह भाटी व आरएलपी प्रत्याशी जालमसिंह रावलोत नुकसान पहुंचा सकते है। ऐसे में इ